कम्प्यूटर परिपत्र सं० 1819067 दि० 26-11-18

पत्र संख्याः:सी0सी0टी0/निरी0अनु0/वा0कर विभाग आपके द्वार(2018–19)/806/वाणिज्य कर
कार्या0–कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
{निरीक्षण–अनुभाग}
लखनऊ : दिनांकः 26, नवम्बर, 2018

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,
समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर(कार्यपालक)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

जी0एस0टी0 लागू होने के उपरान्त छोटे व्यापारियों की सुविधा हेतु 'वाणिज्य कर विभाग आपके द्वार' परिपत्र संख्या–1819018, दिनाक 02.07.2018 जारी किया गया, जिसमें वाणिज्य कर अधिकारी व असिस्टेन्ट कमिश्नर से अपेक्षा की गयी थी कि वह एक करोड़ से कम टर्नओवर वाले व्यापारियों के व्यापार स्थल पर जाकर उनके ई–मेल एवं फोन नम्बर अपडेट करेगें तथा उनका फोटो Abhyuthan app से लेकर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही उनके रिटर्न दाखिल करने में आ रही किसी भी तकनीकी समस्या को दूर किया जायेगा एवं पाक्षिक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

उक्त के क्रम में परिपत्र संख्या–616/1819033, दिनाक 10.09.2018 के द्वारा परिपत्र संख्या–1819018, दिनाक 02.07.2018 के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य में तेजी लाते हुये इस महत्वपूर्ण योजना "वाणिज्य कर विभाग आपके द्वार" को सफल बनाने हेतु दैनिक समीक्षा करते हुए दिनांक 10.10.2018 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु पोर्टल पर उपलब्ध डीलर मानीटरिंग माड्यूल के MIS विवरण के फोटो अपलोड वेरीफिकेशन की रिर्पोट दिनांक 15.11.2018 में 240836 समाधान व्यापारियों के सापेक्ष 107742 व्यापारियों का वेरीफिकेशन किया गया है, जो कि कुल का मात्र 44.74 प्रतिशत है।

अतः निर्देश दिया जाता है कि परिपत्र संख्या–1819018, दिनाक 02.07.2018 के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य में तेजी लाते हुये इस महत्वपूर्ण योजना "वाणिज्य कर विभाग आपके द्वार" को सफल बनाने हेतु दैनिक समीक्षा की जाये तथा प्रत्येक दशा में उक्त कार्य को दिनांक 31.12.2018 तक पूर्ण करा लिया जाये।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाये।

16/11/2018

(कामिनी चौहान रतन)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।